भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2113

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

ठाणे-वडपे राजमार्ग पर यातायात जाम

2113. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा महाराष्ट्र के ठाणे के भिवंडी में ठाणे-वडपे राजमार्ग पर अत्यधिक यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) अंजुर फाटा से कल्याण नाका तक सड़क को चौड़ा करने की परियोजना में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) भिवंडी जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की दर कितनी है; और

(घ) क्या मंत्रालय द्वारा सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-848 के ठाणे-वडपे खंड को मौजूदा 4 लेन से बढ़ाकर 8 लेन करने और दोनों ओर 2 लेन की सर्विस रोड बनाने मंजूरी दी है ताकि सड़क यातायात की भारी भीड़भाड़ की समस्या का समाधान किया जा सके। सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है और इसे मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

(ख) अंजुर फाटा से कल्याण नाका तक जाने वाली सड़क, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकार क्षेत्र में आने वाली एक राज्यीय सड़क है।

(ग) भिवंडी जिले के अंतर्गत आने वाले एनएच-848 और एनएच-61 पर पिछले तीन कैलेंडर वर्ष के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण इस प्रकार हैं:

एनएच संख्या.	वर्ष	दुर्घटनाओं की संख्या	चोट लगने की घटनाएं	दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों जिससे मौतें हुईं, जैसे कि तेज गति से वाहन चलाना, लापरवाही से वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, लेन का उल्लंघन करना आदि।
848	2023	63	54	9
	2024	89	74	15
	2025	36	24	12
	कुल	188	152	36
61	2023	5	3	2
	2024	6	4	2
	2025	0	0	0
	कुल	11	7	4

(घ) एनएच-48 पर सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से थाणे-वडपे खंड के चौड़ीकरण कार्य में एक फ्लाईओवर नौ वाहन अंडरपास और एक हल्का वाहन अंडरपास का प्रावधान है।

*****